दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, शनिवार 17 मई 2025

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# टेस्ट मैच में नहीं दिखेंगे कोहली

क्रिकेटर विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहना न केवल क्रिकेट प्रेमियों को बल्कि तमाम खेल के दीवानों को अखर गया। क्रिकेट के सबसे 'शुद्ध' और 'असल' प्रारूप टेस्ट मैच में अब देश के सबसे काबिल क्रिकेटर कोहली नहीं दिखेंगे। इस खेल में किंग का दर्जा पाए कोहली का आभामंडल निश्चित रूप से विराट है। और इस बात की सत्यता आंकड़ों से स्पष्ट होती है।

123 टेस्ट मैच कोहली ने खेले। इसमें 40 में उन्होंने भारत को जीत दिलाई, लगातार नौ टेस्ट श्रृंखला जीतने का कीर्तिमान कायम किया। उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में छह दोहरे शतक, बीस शतक और नाबाद 254 रन का रिकार्ड दर्ज है। स्वाभाविक है, ऐसे रिकार्ड और ऐसा रिकार्ड बनाने वाला अलग मिट्टी का बना होगा।

कह सकते हैं कि भारतीय क्रिकेट के एक गौरवशाली अध्याय का समापन हो गया। ऐसा नहीं है कि उनकी खेल की जिंदगी में उतार-चढ़ाव नहीं आए। तमाम उठापटक, प्रदर्शन में गिरावट और साथी क्रिकेटर और कोच से तनातनी ने उनके करियर को नीचे गिराया, मगर हर बार वो उठ खड़े हुए।

हार न मानने की उनकी फितरत ने उन्हें न केवल क्रिकेट वरन खेल की दुनिया का अनमोल शख्स बनाया। जीवटता और हर हाल में जीतने का जज्बा इस खिलाड़ी को बाकियों से बिल्कुल अलग ठहराता है। बल्लेबाजी की उम्दा तकनीक, और कौशल का तो हर कोई कायल है।

कह सकते हैं कि 'जेंटलमैन गेम' को कोहली जैसे खिलाड़ियों ने इज्जत बख्शी। उनका टेस्ट क्रिकेट से बल्ला टांगना निश्चित तौर पर तकलीफदेह है। अगर वो अगले महीने इंग्लैंड दौरे में अपना रंग दिखाते तो बात ही कुछ और होती।

बहरहाल, उनके और दो-तीन दिन पहले रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले से भारतीय ड्रेसिंग रूम में फीकापन आएगा। साथ ही चयकर्ताओं के लिए भी आने वाले समय में मौजूदा खिलाड़ियों के बीच से सक्षम और प्रतिभाशाली खिलाड़ी को चुनने की चुनौती होगी।

हालांकि अच्छी बात यह है कि बेंच स्ट्रेंथ के मामले में टीम इंडिया काफी समृद्ध है। अच्छे खिलाड़ियों से भारतीय खेमा सुसज्जित है। फिलहाल तो इसी बात से संतोष करना पड़ेगा कि कोहली के सदाबहार और हैरतअंगेज शाट्स क्रिकेटप्रेमी एकदिवसीय मैचों में देख सकेंगे। चूंकि टी-20 प्रारूप से उन्होंने पहले ही संन्यास ले रखा है तो अब हम और आप उन्हें 50 ओवरों वाले मैचों में ही देखने का सुख संजो सकेंगे।

# आरबीआई दे सकता है दिवाली से पहले तोहफा... 0.75 प्रतिशत तक घट सकता है रेपो रेट

**❒ सस्ती हो सकती हैं आपकी ईएमआई !**

**नई दिल्ली**




भारतीय रिजर्व बैंक आम आदमी को बड़ी राहत देने की तैयारी में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिजर्व बैंक आने वाले महीनों में रेपो रेट में 0.75% तक की कटौती कर सकता है। इसका सीधा फायदा लोगों की EMI पर पड़ेगा – यानी होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन हो सकते हैं सस्ते!

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (MPC) की अगली बैठक 4-6 जून को होगी। इस बैठक में 0.25% की शुरुआती कटौती की संभावना जताई जा रही है। इसके बाद अगली दो बैठकें 5-7 अगस्त और 29 सितंबर से 1 अक्टूबर को संभावित हैं। इन बैठकों में भी रेपो रेट में क्रमश: 0.25% से 0.50% की और कटौती हो सकती है। अगर सब कुछ उम्मीद के मुताबिक रहा तो दिवाली से पहले रेपो रेट 5.25% तक आ सकता है, जो वर्तमान 6% से काफी कम होगा।

रेपो रेट वह दर होती है जिस पर RBI बैंकों को कर्ज देता है। जब यह दर घटती है, तो बैंक भी अपने ग्राहकों को सस्ते में लोन देते हैं। इसका असर आपकी जेब पर पड़ता है – EMI कम हो जाती है, खर्च करने की क्षमता बढ़ती है।

होम लोन और कार लोन होंगे सस्ते

इंडस्ट्री को सस्ता फंड मिलेगा, जिससे निवेश और रोजगार दोनों बढ़ेंगे

खपत में इजाफा, जिससे आर्थिक ग्रोथ को सपोर्ट मिलेगा

SBI सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट सनी अग्रवाल ने बताया कि महंगाई काबू में है, मानसून सामान्य रहने के आसार हैं और GDP ग्रोथ स्थिर है – ये सभी कारक RBI को दरों में कटौती का मौका दे रहे हैं। वहीं, Nomura ने अनुमान जताया है कि 2025 के अंत तक रेपो रेट 5% तक आ सकता है – यानी 1% तक की कटौती की संभावना बन रही है।

वित्त वर्ष 2025-26 में RBI की कुल 6 मौद्रिक नीति बैठकें होंगी। MPC में 6 सदस्य होते हैं, जिनमें से 3 RBI से और 3 सरकार द्वारा नियुक्त होते हैं। हर दो महीने में यह बैठक होती है, और हर बार उम्मीद रहती है कि आर्थिक हालात के अनुसार आम जनता को राहत मिलेगी।

अगर RBI ने अगले कुछ महीनों में रेपो रेट में कुल 0.75% की कटौती कर दी, तो यह आम आदमी से लेकर बिजनेस सेक्टर तक के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती है। दिवाली से पहले घर लेना, गाड़ी खरीदना या नया बिजनेस शुरू करना हो – सब हो सकता है आसान और सस्ता।

## अभी तक कुछ भी तय नहीं, भारत की ओर से जीरो टैरिफ ऑफर के ट्रंप के दावों पर बोले जयशंकर

**नई दिल्ली**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान की ओर से युद्धविराम की बात करने से पहले, भारत ने यह स्पष्ट किया था कि वह केवल आतंकवादी संरचनाओं को नष्ट कर रहा है, न कि पाकिस्तान की सेना को निशाना बना रहा है।

विदेश मंत्री ने कहा कि 7 मई को पाकिस्तान को चेतावनी दी गई थी कि वे अपनी सेना को इस कार्रवाई से अलग रखें, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। 10 मई को भारतीय कार्रवाई से पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ, जिसके बाद उसने युद्धविराम की बात की, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पाकिस्तान ही युद्धविराम चाहता था। एस जयशंकर ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत-पाकिस्तान के बीच संबंध केवल द्विपक्षीय होंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से केवल आतंकवाद पर ही वार्ता की जाएगी और पाकिस्तान को अपनी आतंकवादी संरचनाओं को समाप्त करना होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू और कश्मीर मुद्दे पर केवल पीओके की वापसी पर चर्चा की जाएगी, न कि किसी और विषय पर बात होगी।

एस जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता जारी है और यह एक जटिल प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यापारिक समझौता तब तक नहीं हो सकता, जब तक वह दोनों देशों के लिए लाभकारी न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और इस पर अधिक विचार-विमर्श की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एप्पल के सीईओ टीम कुक से कहा कि वह भारत में फैक्ट्रियां नहीं लगाएं। ट्रंप के इस बयान के बाद जयशंकर ने ये बातें कही हैं।

इसके साथ ही, एस जयशंकर ने होंडुरास के साथ भारत के बढ़ते व्यापारिक संबंधों का स्वागत किया और कहा कि यह देश भारत का समर्थन करता है, खासकर पलगाम हमले के बाद, जब होंडुरास ने भारत के पक्ष में मजबूत एकजुटता दिखाई थी।

## डब्लूटीसी फाइनल : 25 मई तक आईपीएल छोड़ सकते हैं दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के बाकी बचे हुए मैचों का आयोजन 17 मई से होने जा रहा है। फाइनल मैच 3 जून को खेला जाएगा। आईपीएल में दक्षिण अफ्रीका के आठ ऐसे खिलाड़ी खेल रहे हैं जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच का भी हिस्सा हैं। इन खिलाडियों के 25 मई तक इस लीग को छोडऩे की उम्मीद है, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने इन खिलाडिय़ों को 26 मई तक घर वापस लौटने के लिए कहा है। आईपीएल 2025 में इस बार कुल मिलाकर 20 दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी खेल रहे हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लंदन के लॉर्ड्स में 11 जून को खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश (मुंबई इंडियंस), वियान मुल्डर (सनराइजर्स हैदराबाद), मार्को जानसेन (पंजाब किंग्स), एडेन मार्करम (लखनऊ सुपरजाइंट्स), लुंगी एनगिडी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), कगिसो रबाडा (गुजरात टाइटंस), रयान रिकेल्टन (मुंबई इंडियंस) और ट्रिस्टन स्टब्स (दिल्ली कैपिटल्स) को डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम में शामिल किया गया है।

## कैट की भारतीयों से अपील, तुर्की और अजरबैजान का बायकॉट करने को कहा

**नई दिल्ली**

देश की शीर्ष ट्रेडर्स बॉडी में से एक कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने सभी व्यापारियों और नागरिकों से तुर्की और अजरबैजान का बायकॉट करने की अपील की। 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच इन दोनों देशों ने पड़ोसी मुल्क का खुलकर समर्थन किया था।

2024 में तुर्की में करीब 62.2 मिलियन विदेशी यात्री आए थे। इसमें से 3,00,00 के आसपास भारतीय थे। 2023 की तुलना में पिछले साल तुर्की में 20 प्रतिशत अधिक भारतीय यात्री आए थे।

कैट द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष तुर्की की कुल पर्यटन आय 61.1 बिलियन डॉलर थी, जिसमें प्रत्येक भारतीय पर्यटक ने औसतन 972 डॉलर खर्च किए थे। पिछले वर्ष संयुक्त रूप से भारतीयों द्वारा तुर्की में 291.6 मिलियन डॉलर खर्च किए गए थे।

ट्रेडर्स बॉडी ने कहा कि इससे पहले उसने चीनी उत्पादों के बायकॉट के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया था, जिसका काफी असर हुआ है। अब वह तुर्की और अजरबैजान की यात्रा के बायकॉट के लिए अभियान चला रहा है। कैट ने बताया कि इस अभियान को और बड़ा करने के लिए वह ट्रैवल और टूर ऑपरेटर्स के साथ अन्य जरूरी पक्षकारों से बातचीत करेगा।

कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि पाकिस्तान के समर्थन के विरोध में भारतीय नागरिकों द्वारा तुर्की और अजरबैजान की यात्रा का बहिष्कार करने से इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं, खासकर उनके पर्यटन क्षेत्र पर काफी असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय पर्यटक तुर्की का बहिष्कार करते हैं, तो उसे लगभग 291.6 मिलियन डॉलर का सीधा नुकसान हो सकता है।

खंडेलवाल के मुताबिक, भारतीय शादियों, कॉर्पोरेट कार्यक्रमों और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रद्द होने से अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक नुकसान और भी अधिक होगा।

2024 में अजरबैजान में लगभग 2.6 मिलियन विदेशी पर्यटक आए थे, जिनमें से लगभग 2,50,000 भारतीय थे। एक भारतीय पर्यटक द्वारा औसत खर्च 2,170 अजरबैजानी मनात था, जो लगभग 1,276 डॉलर के बराबर है। कुल मिलाकर पिछले साल भारतीयों ने अजरबैजान में 308.6 मिलियन डॉलर खर्च किए थे।

## एफसी बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को हराकर जीता अपना 28वां ला लीगा खिताब

**बार्सिलोना**

एफसी बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर 28वीं बार ला लीगा खिताब जीता है। ला लीगा का ताज अब स्पेनिश सुपर कप और कोपा डेल रे के साथ जुड़ सकता है।

2024-25 सीजन बार्सिलोना के लिए यादगार साबित हो रहा है। 28वीं बार ला लीगा खिताब जीतने से पहले टीम ने अपना 32वां कोपा डेल रे और स्पेनिश सुपर कप भी जीता था।

बार्सिलोना ने अपने घर में शानदार प्रदर्शन किया। मैच के 53वें मिनट में लैमिन यामल ने एक शानदार गोल दागा इसके बाद इंजरी टाइम के आखिरी सेकंड में फर्मिन लोपेज ने दूसरा गोल कर टीम की मैच पर पकड़ मजबूत कर दी जो बाद में निर्णायक साबित हुई। लैमिन यामल का गोल बेहतरीन और दर्शनीय था, जब उन्होंने दूर कोने में एक शॉट लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में भेजा था।



एस्पेनयोल के डिफेंडर लुइस कैबरेरा को मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले बाहर भेज दिया गया। वीएआर के अनुसार उनके हाथ से यामल के पेट में चोट लगने के कारण उन्हें सीधे रेड कार्ड दिया गया।

एस्पेनयोल पर मिली इस जीत के बाद बार्सिलोना के 85 अंक हो गए हैं , जो उसके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से सात ज़्यादा हैं, और इस सीजन में खेलने के लिए उसके पास सिफर् छह अंक बचे हैं।

दूसरी ओर, गोर्का गुरुज़ेटा और दानी विवियन के दूसरे हाफ में किए गोल की मदद से एथलेटिक बिलबाओ ने गेटाफे पर 2-0 से जीत दर्ज करते हुए अगले सीजऩ के लिए चैंपियंस लीग में जगह पक्की कर ली। इस नतीजे के बाद बास्क की टीम चौथे स्थान पर है, जो विलारियल से तीन अंक आगे है।

दूसरे हाफ में एथलेटिक के लिए ओइहान सैंसेट के दूसरे हाफ में विकल्प के तौर पर आने से खेल में उतार-चढ़ाव शुरू हो गया, जिसमें गुरुज़ेटा ने 76वें मिनट के बाद गोल किया और विवियन ने समय से एक मिनट पहले कॉर्नर के बाद गोल किया। लगातार छह हार के बाद गेटाफे के सामने अभी भी रेलिगेशन का खतरा बना हुआ है।

## इंग्लैंड के खिलाफ टी 20 टीम में शेफाली वर्मा की वापसी

**मुंबई**



हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में जून-जुलाई में टी20 और वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड जाने वाली चयनित भारतीय टीम में शेफाली वर्मा को टी20 टीम में जगह दी गई है। शेफाली लंबे समय के बाद भारतीय टीम में वापसी करेंगी, हालांकि उन्हें वनडे टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया है।

28 जून से शुरू हो रहे इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय टीम को पांच टी 20 और तीन वनडे मुकाबले खेलने हैं। दौरे का अंतिम मैच 22 जुलाई (तीसरा वनडे) को खेला जाएगा।

शेफाली ने भारत के लिए अंतिम मैच (वनडे) अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। शेफाली लगातार भारतीय टीम में वापसी की राह देख रही थीं। उन्होंने डब्ल्यूपीएल 2025 की नौ पारियों में 152.76 के स्ट्राइक रेट से 304 रन बनाए और वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए इस सीजन सर्वाधिक रन बनाने वालीं बल्लेबाज भी थीं। शेफाली ने अपना अंतिम टी20 पिछले साल यूएई में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

भारतीय टी20 टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे

भारतीय वनडे टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रॉड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसबनिस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे.

## आज का राशिफल

**मेष:** आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, नया केस हाथ लगेगा। आज खास लोगों के बीच किसी नई गतिविधि को लेकर गंभीर चर्चा होगी, जो कि सकारात्मक रहेगी।

**वृष:** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज व्यवसायिक काम समय पर बनते जाएंगे। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**मिथुन:** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी।

**कर्क:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। थोड़ी सी बात पर परेशान होने के बजाय उसका हल ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको सलूशन मिल जायेगा।

**सिंह:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यवसाय में अतिरिक्त आय का साधन बनने वाला है। अगर आपका साझेदारी में बिजनेस करने का प्लान है तो ये डील आपके लिए फायदेमंद होगी।

**कन्या:** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज ध्यान रखें कि अगर प्रयासरत कार्यों में समस्या आती है तो इसकी वजह आपकी एकाग्रता में कमी होगी। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**तुला:** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। हालांकि सही समय पर उचित निर्णय लेने से आपकी काफी समस्याएं हल हो जाएंगी।

**धनु:** आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनायेंगे।

**मकर:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज आप लेनदेन को स्थगित रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे। आज आपकी ऑफिसियल यात्रा संभव है।

**कुंभ:** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका दिन खुशनुमा बीतेगा। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे।

**मीन:** आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुये है। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे और इसमें आप सफल भी होंगे।

## तन्वी द ग्रेट से अनुपम खेर की पहली झलक आई सामने, किरदार से भी उठा पर्दा



गिग्ज अभिनेता अनुपम खेर इन दिनों अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। एक्टर फिल्म को लेकर लगातारनए-नए अपडेट शेयर कर रहे हैं और फिल्म की स्टारकास्ट से परिचय करा रहे हैं। अब तक कई एक्टर्स के पोस्टर वो जारी कर चुके हैं। अब अनुपम खेरने फिल्म से अपने किरदार को जारी किया है।

अनुपम खेर स्टूडियो की ओर से अनुपम के किरदार के बारे में जानकारी देते हुए एक पोस्ट की गई है। इस पोस्ट में अनुपम खेर के किरदार 'कर्नल प्रतापरैना' के बारे में जानकारी देते हुए लिखा गया, 'तन्वी द ग्रेट' के अभिनेता अनुपम खेर ने चार दशकों से हमें हंसाया, रुलाया, खुश किया और भारत औरविदेश दोनों की फिल्मों में कई यादगार किरदार दिए। अब वह एक ऐसे किरदार को निभाने जा रहे हैं जिसकी कहानी उन्होंने खुद लिखी है।

कर्नल प्रताप रैना, जो अपनी चुप्पी को अपने शब्दों से ज्यादा जोर से बोलने देते हैं। लेकिन फिर उनकी दुनिया में कोई और आता है। कोई ऐसाजिसकी चुप्पी की अपनी एक कहानी है। जब परिस्थितियां इन दो ताकतों को एक साथ लाती हैं, तो उनकी दुनिया थोड़ी हिल जाती है। कभी-कभीयह आपको हंसाता है और कभी-कभी आप अपने आंसू रोक लेते हैं। कर्नल प्रताप रैना और तन्वी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

तन्वी द ग्रेट में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है। जिसके बारे में पहले ही जानकारी दी जा चुकी है।

## विजय देवरकोंडा की किंगडम का पहना गाना हृदयम लोपाला रिलीज




विजय देवरकोंडा, भाग्यश्री बोरसे अभिनीत आगामी फिल्म किंगडम का पहला सिंगल हृदयम लोपाला रिलीज़ हो गया है, जिसे अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया है। प्रोमो, जो कुछ दिन पहले ही रिलीज़ हुआ था, को पहले ही 20 मिलियन से ज़्यादा व्यू मिल चुके हैं और इसने सभी को गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया है। अब, जब पूरा वीडियो रिलीज़ हो गया है, तो इसने उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। अनिरुद्ध रविचंदर ने एक बार फिर संगीतकार के तौर पर अपनी काबिलियत साबित की है, उन्होंने एक दिल को छू लेने वाली धुन बनाई है जिसमें अनुमिता नादेसन की जादुई आवाज़ है। इस गाने में केके के काव्यात्मक बोल और डार गाई की मनमोहक कोरियोग्राफी है, जो ट्रैक में विजुअल इमोशन जोड़ती है।

## अक्षय कुमार की हाउसफुल 5 का नया गाना दिल ए नादान जारी, 6 जून को रिलीज होगी फिल्म



अक्षय कुमार पिछले कुछ दिनों से फिल्म हाउसफुल 5 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान तरुण मनसुखानी ने संभाली है।

उनकी यह फिल्म 6 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

अब इससे पहले निर्माताओं ने हाउसफुल 5 का नया गाना दिल ए नादान जारी कर दिया है, जिसे मधुबंती बागची और सुमंतो मुखर्जी ने मिलकर गाया है।

इस गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। हाउसफुल 5 का संगीत टी-सीरीज़ द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

अक्षय के अलावा हाउसफुल 5 में रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, श्रेयस तलपड़े, नोरा फतेही और जॉन अब्राहम जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

फरदीन खान, नाना पाटेकर, डिनो मोरिया, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा, चित्रांगदा सिंह, चंकी पांडे और जॉनी लीवर भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तडक़ा लगाते हुए दिखाई देंगे।

फिल्म का पहला गाना लाल परी पहले ही रिलीज हो चुका है। साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता है।

केवल साजिद नाडियाडवाला जैसे निर्माता ही इतने बड़े और स्टार-पैक कलाकारों को एकजुट कर सकते थे, आज इतनी बड़ी लाइनअप को खींचना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। तरुण मनसुखानी द्वारा निर्देशित, हाउसफुल 5 दर्शकों को अप्रत्याशित ट्विस्ट, रिब-टिकलिंग कॉमेडी और फुट-टैपिंग संगीत से भरी हंसी से भरी सवारी के लिए एक ग्लैमरस क्रूज पर ले जाती है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित, हाउसफुल 5 6 जून 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिट होगी।

## शब्द सामर्थ्य- 50

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 049 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

## सू-दोकू- 50

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.049 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |